सतर्कता | पुलिस अधीक्षक ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था पर बैंक प्रतिनिधियों से की चर्चा

सुरक्षा इन्फ्रास्ट्रक्चर को करें मजबूत

नवभारत,कटनी। पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा सभी बैंकों के शाखा प्रबंधको और बैंक प्रतिनिधियों की बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक में सुरक्षा अधोसरंचना और सुरक्षा संसाधनों का बैंकिंग कार्य प्रणाली में उपयोग करने पर जो दिया गया। बैठक में हाल के समय में घटित लूट और डकैती जैसी आपराधिक घटनाओं की समीक्षा करते हुए बैंक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने बैंक शाखाओं में सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करें, उपलब्ध सुरक्षा संसाधनों का अधिकतम और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होने कहा कि जनता की जमा पूंजी की सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, लिहाजा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक में जिन बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया, उनमें बैंक परिसरों में पर्याप्त और उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सीसीटीवी कैमरों का कवरेज व्यापक और प्रभावी हो, उनकी नियमित जांच की जाए कि वे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं या नहीं। अलार्म सिस्टम और पैनिक बटन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, पैनिक बटन का संचालन एक से अधिक जिम्मेदार कर्मचारियों के पास हो। डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए। सुरक्षा उपकरणों को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखी जाए और किसी घटना की स्थिति में तत्काल सूचना और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैंक सुरक्षा व्यवस्था की समय-समय पर ऑडिटिंग और मॉनिटरिंग की जाए। जीपीएस सिस्टम का उपयोग बढ़ाया जाए और सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल नियमित रूप से आयोजित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने यह भी निर्देश दिए कि सीमित संसाधनों के बावजूद बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए और सभी बैंक सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए।

समाधान शिविर आज

नवभारत, कटनी। नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे से एमआईसी सभाकक्ष में कर्मचारियों और सेवानिवृत कर्मचारियों, पेंशनर्स की नगर निगम कार्यालय से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए कर्मचारी समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दौरान निगमायुक्त तपस्या परिहार स्वयं मौजूद रहकर कर्मचारियों की समस्या और शिकायतों संबंधी आवेदनों पर सुनवाई करेंगी। नगर निगम उपयुक्त शैलेष गुप्ता ने बताया कि शिविर का उद्देश्य नगर निगम के कर्मचारियों और पेंशनरों को एक ही स्थान पर सुविधाजनक समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे अनावश्यक देरी और कार्यालयीन प्रक्रियाओं की परेशानी को कम किया जा सके। शिविर में सेवा संबंधी प्रकरण, वेतन, पेंशन, जीपीएफ, संबंधी समस्या का निराकरण किया जाएगा।

रेलवे ट्रैक में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

जीआरपी ने शव का कराया पोस्टमार्टम, जांच शुरू

नवभारत,कटनी। मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को एक 26 साल के युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। मृतक की पहचान माधव नगर थाना क्षेत्र के ग्राम चरवाही निवासी इंद्रजीत पटेल के रूप में हुई है। युवक दो दिन पहले अपने रिश्तेदार के यहां तिलक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। युवक की मौत पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताकर सनसनी फैला दी है। जानकारी के अनुसार इंद्रजीत पटेल पिता राम रतन पटेल 21 अप्रैल की शाम अपने घर से निकला था। वह एनकेजे थाना क्षेत्र के ग्राम जुहला में एक रिश्तेदार के यहां आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने गया था। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गुरुवार सुबह मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास रेल ट्रैक पर एक युवक का शव देखे जाने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम लिए भेजा है। मृतक की पहचान इंद्रजीत पटैल के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि इंद्रजीत तिलक समारोह में खुशी-खुशी गया था और उसकी मौत सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जीआरपी पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पीएम रिपोर्ट में होगा। फिलहाल जांच जा रही है।

एक नजर में

नारी शक्ति वंदन पखवाड़े में आयोजित किए कार्यक्रम

नवभारत, कटनी। महिला बाल विकास विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में परियोजना विजयराघवगढ़, रीठी और ढीमरखेड़ा में विविध गतिविधियां आयोजित की गइ। परियोजना विजयराघवगढ़ में परियोजना अधिकारी संतोष अग्रवाल की उपस्थिति में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत मानव श्रृंखला निर्माण कर 'सशक्त नारी, सशक्त देश' का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने मानव श्रृंखला निर्माण के बाद नारी शक्ति वंदन रैली भी निकाली। परियोजना रीठी में प्रभारी परियोजना अधिकारी सुलोचना महोबिया के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित महिलाओं को महिला अधिकार,महिला सुरक्षा सम्बन्धी अधिनियम और जिला दहेज़ प्रतिषेध अधिकारी के कार्यदायित्व, सम्पर्क विवरण की जानकारी दी गई। संगोष्ठी के बाद मानव श्रृंखला का निर्माण भी किया गया। परियोजना ढीमरखेड़ा में परियोजना अधिकारी आरती यादव के नेतृत्व में आकर्षक रांगोली के माध्यम से नारी शक्ति वंदन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं और महिलाओं द्वारा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए, महिलाओं की सशक्त उपस्थिति को रेखांकित किया गया।

गौ संवर्धन सहित पांच समितियों की बैठक आज

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय क्षीरधारा समन्वय समिति, नेशनल लाइव स्टाक मिशन, जिला गौपालन, गौसंवर्धन समिति, जिला पशु क्रूरता निवारण समिति, जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में दौरान पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

रीठी में दर्दनाक सड़क हादसा : दो बाइकों की टक्कर, 5 घायल

कटनी। जिले के रीठी थाना क्षेत्र के सिमरा गांव में दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि एक बाइक सवार रीठी से शराब की पेटी लेकर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दूसरी बाइक पर सवार पति, पत्नी और उनके दो बच्चे घायल हो गए। वहीं, शराब ले जा रहा युवक भी इस हादसे में जख्मी हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल रीठी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

नरवाई जलाने से दूसरे खेतों में भी लगी आग, फसल जलकर खाक

रीठी क्षेत्र के उमरिया गांव में हुई घटना

नवभारत, रीठी। जिले की रीठी तहसील के अंतर्गत आने वाले उमरिया गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अज्ञात कारणों से नरवाई में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते यह आग विकराल रूप धारण कर गई और आसपास के दर्जनों खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही समय में बड़े क्षेत्र में फैल गईं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और बिना किसी संसाधन के आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। इस घटना ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रीठी तहसील मुख्यालय के अंतर्गत लगभग 108 गांव आते हैं, लेकिन यहां आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसी आपात स्थिति में समय पर मदद नहीं मिल पाने के कारण नुकसान बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि रीठी तहसील मुख्यालय में जल्द से जल्द फायर ब्रिगेड की स्थायी व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से समय रहते निपटा जा सके।

देश की करोड़ों महिलाओं के अधिकारों के साथ विपक्ष ने किया खिलवाड़

भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता ने पत्रकार वार्ता में लगाए आरोप

नवभारत, कटनी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन प्रस्ताव के संसद में पारित नहीं होने को लेकर भाजपा ने गुरूवार जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता डॉ वाणी अहलूवालिया ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक को रोककर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी है। डॉ अहलूवालिया ने कहा कि कांग्रेस, डीएमके और उनके सहयोगियों ने न केवल एक विधेयक को रोका, बल्कि करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम था, जिसे राजनीतिक स्वार्थों के कारण रोक दिया गया। श्रीमती अहलूवालिया ने कहा कि विपक्ष ने एक बार फिर दिखा दिया कि उनके लिए महिला सशक्तिकरण सिर्फ चुनावी नारा है, वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं। कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने 33 प्रतिशत आरक्षण मांग रही महिलाओं को वंचित रखने पर उत्सव मनाया। उन्होंने कहा कि यह हर उस महिला का अपमान है, जो वर्षों से अपने अधिकार का इंतजार कर रही है।

पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन सोनी, विधायक संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, पूर्व विधायक श्रीमती अलका जैन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन सोगानी, जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सपना सरावगी मौजूद थीं। संचालन जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने किया।

मिलावट के संदेह में लिए गए खाद्य सामग्री के सैंपल

कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने की कार्रवाई

नवभारत, कटनी। शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर राजस्व और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा एक्सीलेंस स्कूल माधव नगर के पीछे स्थित नमकीन, रेडी टू ईट सेवियर निर्माण इकाई सुशील सेव भंडार का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान यूनिट में खाद्य पदार्थ का निर्माण अस्वस्थ्यकर स्थितियों में होना पाया गया। मौके पर निर्माण इकाई के संचालक द्वारा कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट, खाद्य पदार्थों और पानी की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की। जिस पर यूनिट संचालक को इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया जाएगा। मौके पर इकाई में नमकीन, फ्राइड मटर, झालमूरी खाद्य पदार्थों का निर्माण और पैक करना पाया गया। मौके पर जले हुए तेल का विनष्टीकरण कराया और गुणवत्ता में संदेह के आधार पर खाद्य पदार्थ नमकीन, बेसन, पाम ऑयल का नमूना जांच के लिए लिया गया है। इसी तरह मनोहर चाय दुकान में भी जांच के लिए नमूने लिए गए हैं।

आजाद चौक में प्याऊ का शुभारंभ, राहगीरों को मिलेगा शीतल पेयजल

श्रीगहोई वैश्य वनिता समिति के प्रयासों से शुरू हुआ प्याऊ

नवभारत, कटनी। श्रीगहोई वैश्य वनिता समिति के तत्वाधान में आजाद चौक स्थित मनोहर शिशु मंदिर प्राथमिक माध्यमिक शाला आजाद चौक में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। गहोई समाज के सरपंच डॉ हजारी प्रसाद नौगरहिया के कर-कमलों से प्याऊ का शुभारंभ हुआ।

वनिता समिति की अध्यक्ष श्रीमती ऊषा नौगरहिया और सचिव श्रीमती विभा कंदेले द्वारा विधिवत पूजन और माल्यार्पण किया गया। हजारी प्रसाद नौगरहिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर जल से भरे मटकों का पूजन किया। इस अवसर पर पंच परिषद सचिव अशोक सेठिया, ओंकार प्रसाद बहरे, विनय कंदेले, वरिष्ठ संघ के जगदीश बरसैया, नवयुवक मंडल के राहुल सुहाने और महाकौशल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अनुराग सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि वैशाख मास में प्याऊ लगवाना अत्यंत पुण्य का कार्य है। साथ ही वनिता समिति द्वारा एक छात्रा को गोद लेकर उसकी पूरे वर्ष की शिक्षा-व्यवस्था का जिम्मा लेना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। इस नेक कार्य के लिए वनिता समिति की सभी लोगों द्वारा प्रशंसा की गई।

कार्यक्रम में श्रीमती शिल्पी सोनी, आशु सुहाने, रश्मि मसुरहा, रजनी बिलैया, साधना सेठिया, आभा नौगरहिया, आरती सेठिया, प्रतिभा सेठिया, गुंजन नौगरहिया, निर्मला रखौल्या, अनिता कनकने, मीना सुहाने, रश्मि बरसैंया, दीपश्री नौगरहिया, मुदिता कंदेले सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। स्वल्पाहार और सुहाग सामग्री वितरण के बाद सचिव श्रीमती विभा कंदेले ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

घर के बाहर फांसी पर लटका मिला वृद्ध का शव

नवभारत, कटनी। बड़वारा थाना अंतर्गत सलैया गांव में एक 72 वर्षीय के वृद्ध का शव उनके ही घर के बाहर फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि सलैया गांव निवासी मुन्ने लाल सिंह (72) घर के बाहर लकड़ी की ठाट पर फांसी के फंदे पर लटके मिले। परिजनों ने सुबह शव देखकर तत्काल बड़वारा पुलिस को सूचना दी। मृतक के पुत्र नवाब सिंह परस्ते ने पुलिस को बताया कि उनके पिता मुन्ने लाल सिंह लंबे समय से गंभीर शारीरिक बीमारियों से जूझ रहे थे। उन्हें शरीर में तेज जलन और असहनीय दर्द की शिकायत थी, जिससे वे अत्यधिक परेशान रहते थे। नवाब सिंह के अनुसार अत्यधिक शारीरिक पीड़ा के कारण उनके पिता आत्महत्या करने की बात करते थे। परिजनों ने आशंका व्यक्त की है कि इन्हीं बीमारियों और शरीरिक कष्ट से तंग होकर उन्होने आत्महत्या की है। पुलिस जांच कर रही है।

सड़कों से हटाए गए अव्यस्थित खड़े वाहन

नवभारत, कटनी। शहर की आवागमन व्यवस्था बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहर के मुख्य मार्गों व्यस्त क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे खड़े अव्यवस्थित वाहनों को हटाया गया। नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि शहर मुख्य मार्ग गांधी द्वार, गर्ग चैराहा, खिरहनी ओवर ब्रिज अन्य स्थानों में चलाए गए अभियान के दौरान अस्थाई अतिक्रमणों, फुटकर दुकानदारों, ठेला नुमा स्थाई दुकान संचालकों को हटाकर निर्धारित स्थलों में भेजा गया। अभियान के दौरान सड़क में अव्यवस्थित रूप से नो पार्किंग में खड़े टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहनों को क्रेन से हटाया गया। इस दौरान संबंधित वाहन मालिकों को समझाइश भी दी गई कि वे निर्धारित स्थानों पर ही वाहन खड़े करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इस कार्रवाई के दौरान 10 लोगों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 48 सौ रूपए का जुर्माना वूसल किया गया। नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं किया जाए। ऐस करने पर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई से बचने के लिए वाहन चालक अपने वाहनों को निर्धारित की गई पार्किंग में ही खड़ा करें। सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा। जिसके बाद जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि शहर में बेहतर आवागमन व्यवस्था बनाए रखना नगर निगम की जिम्मेदारी है।

समीक्षा | नगर निगम आयुक्त ने की स्वच्छता कार्यों की समीक्षा, शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के निर्देश

स्वच्छता एक जन आंदोलन है, इसमें सभी व्यक्तियों की भागीदारी आवश्यक

नवभारत, कटनी। शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने आने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यों और गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सर्वेक्षण में अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और बेहतर शहरी जीवन का आधार है। उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को शत-प्रतिशत प्रभावी बनाने, प्रत्येक घर और प्रतिष्ठान से गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग रखने के निर्देश एमएसडब्लू प्रबंधन को दिए। बैठक में कचरा संग्रहण वाहनों के समय निर्धारण में अनियमितता की जानकारी मिलने पर निगमायुक्त ने एमएसडब्ल्यू प्रबंधन को आवश्यकता अनुसार वाहनों की संख्या बढ़ाने, विशेष रूप से व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन कचरा संग्रहण अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। ट्रेंचिंग ग्राउंड में वैज्ञानिक पद्धति से कचरा निपटान, नियमित मॉनिटरिंग और उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग करने के लिए कहा गया। नगर निगम आयुक्त ने हिदायत दी कि सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों पर शुल्क कटौती की कार्रवाई की जाएगी। बाजार क्षेत्रों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई कराई जाए। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण ही शहर की सकारात्मक पहचान स्थापित करता है। सोर्स सेग्रीगेशन, आरआरआर सेंटर और जन जागरूकता पर फोकस करने आरआरआर सेंटर के माध्यम से कचरे के दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने, जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों की भागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण के सभी मापदंडों के अनुरूप कार्यों की नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी, कमियों का तत्काल निराकरण, प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय करते हुए सफाई के बाद स्थल में गंदगी नहीं हो इस बात पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी स्वास्थ्य अमले को दिए। निगमायुक्त ने शहरवासियों से कहा कि स्वच्छता एक जन आंदोलन है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। 'मेरा शहर, मेरी जिम्मेदारी' की भावना के साथ ही स्वच्छ और स्वस्थ शहर का निर्माण संभव है। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी आदेश जैन, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, सहित नगर निगम के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेटकी सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024